

भोपाल

भोपाल में सोमवार को जम्बूरी मैदान में राहुल गांधी के साथ मुख्यमंत्री कमलनाथ और ज्योतिरादित्य सिंधिया। • प्रेट्र

जयपुर

जयपुर में सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट। • एएफपी

रायपुर

रायपुर में सोमवार को भूपेश बघेल को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलातीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल। • प्रेट्र

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में किसानों पर करम

तीन राज्यों में शपथ ग्रहण : राजस्थान में अशोक गहलोत, मध्य प्रदेश में कमलनाथ और छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल ने सोमवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। कमलनाथ और बघेल ने ताजपोशी के तुरंत बाद किसानों को राहत देते हुए राज्य में कर्ज माफी की घोषणा कर दी।

18 वें मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली कमलनाथ ने मध्य प्रदेश में

03 बार मुख्यमंत्री बनने वाले चौथे नेता हैं अशोक गहलोत राजस्थान में

'गठबंधन ट्रैवल्स' : विपक्षी एकता की राह पर राजनीति की बस

भोपाल/जयपुर | एजेंसियां

कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ ने सोमवार दोपहर मध्यप्रदेश के 18वें मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उन्हें शहर के जम्बूरी मैदान में एक भव्य समारोह में शपथ दिलाई। उनके मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले मंत्रियों को बाद में शपथ दिलाई जाएगी।

मुख्यमंत्री का पद संभालते ही कमलनाथ ने राज्य के किसानों की दो लाख रुपये तक की कर्ज माफी संबंधी फाइल पर हस्ताक्षर किए। बता दें कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के लिए जारी वचन पत्र में किसानों की कर्ज माफी का ऐलान किया था। शपथ समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी सहित विभिन्न विपक्षी दलों के दिग्गज मौजूद रहे। राहुल गांधी, कमलनाथ और ज्योतिरादित्य सिंधिया के मंच पर आते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्षोउल्लस के साथ जमकर नारे लगाए।

राजस्थान में गहलोत ने मुख्यमंत्री पद की लगाई हैट्रिक : कांग्रेस नेता अशोक गहलोत सोमवार को तीसरी बार राजस्थान के मुख्यमंत्री बने। जयपुर के अलबर्ट हॉल हुए शपथ ग्रहण समारोह में गहलोत के साथ नई सरकार में उप मुख्यमंत्री के रूप में पायलट ने भी पद और गोपनीयता की शपथ ली। राजस्थान के राज्यपाल कल्याण सिंह ने गहलोत को मुख्यमंत्री पद और सचिन पायलट को कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के बाद पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, कांग्रेस राज्य की जनता की सेवा करने की अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह से निभाएगी। गहलोत के शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी पहुंची। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने वसुंधरा राजे के पास जाकर उनसे मुलाकात की।

जयपुर में सोमवार को अशोक गहलोत सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने एक बस से जाते कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और विपक्षी नेता। • प्रेट्र

बघेल ने मक्के के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने सोमवार को राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद कहा कि राज्य में किसानों की कर्ज माफी और मक्के के समर्थन मूल्य में आठ सौ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ोतरी संबंधी आदेश जारी कर दिए गए हैं। बघेल के साथ सहयोगी ताम्रध्वज साहू, टीएस सिंहदेव ने मंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रायपुर के बलबीर जुनेजा इंडोर स्टेडियम में बघेल को पद की शपथ दिलाई।

हिंदी में ली शपथ

भूपेश बघेल ने हिंदी में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। बघेल कांग्रेस के ऐसे नेता हैं, जिन्होंने छत्तीसगढ़ में पार्टी को मजबूत बनाने का काम किया। बघेल ने 2013 में विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पद संभाला था और पांच वर्षों की मेहनत की वजह से यह मुकाम बनाया। वहीं, सिंह देव विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे हैं। वह अंबिकापुर से विधायक हैं। जबकि ताम्रध्वज साहू पिछड़ा वर्ग के वरिष्ठ नेता हैं एवं दुर्ग ग्रामीण सीट से विधायक हैं।

राजस्थान

परंपरा से हटकर समारोह

राजस्थान के मुख्यमंत्री पद का शपथ ग्रहण समारोह जयपुर के अलबर्ट हॉल में आयोजित हुआ। पारंपरिक रूप से ऐसे समारोह राजभवन में ही होते हैं।

पायलट ने पहना साफा

कांग्रेस के सत्ता में लौटने के बाद ही साफा पहनने की प्रदेशाध्यक्ष सचिन पायलट की सौगंध पूरी हो गई है। उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के दौरान उन्होंने राजस्थानी साफा पहना हुआ था।

जयपुर में सोमवार को अलबर्ट हॉल में शपथ ग्रहण समारोह में ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिलतीं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे। • प्रेट्र

मध्य प्रदेश

भोपाल में सोमवार को शिवराज सिंह के साथ कमलनाथ व ज्योतिरादित्य सिंधिया।

छत्तीसगढ़

रायपुर में सोमवार को छत्तीसगढ़ सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में राहुल गांधी के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कैबिनेट मंत्री टीएस सिंहदेव व ताम्रध्वज साहू।

आयोग ने मतगणना में देरी के पांच कारण बताए

नई दिल्ली | श्याम सुमन

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में परिणाम घोषित करने में 16 घंटे से ज्यादा का समय लगा। इसे लेकर उठ रहे सवालों पर चुनाव आयोग ने पांच कारण गिनाए हैं। आयोग का कहना है ईवीएम से संबंधित मुद्दों पर लगातार की गई आपत्तियां प्रमुख वजह हैं।

...तो लोकसभा में भी देरी होगी : आयोग के सूत्रों के अनुसार देरी के इन कारणों का कोई तोड़ नहीं है, यह उम्मीदवारों पर ही निर्भर है कि वे छोटी आपत्तियों पर जोर न दें। यदि यही आपत्तियां लोकसभा चुनावों में की गईं तो तब भी देरी हो सकती है।

1 ईवीएम पर आपत्तियां
उम्मीदवार मशीनों की सील, उनके टैग, हस्ताक्षरों का मिलान तथा मशीनों के केस को गणना टेबल पर लाने की जिद करते रहे। आयोग ने कहा कि 66,000 ईवीएम में से कोई भी ऐसी नहीं पाई गई, जिससे छेड़छाड़ हुई हो। लेकिन उम्मीदवारों की आपत्तियों के कारण गिनती प्रक्रिया सुस्त हो गई थी।

2 फोटोकॉपी
जब वोटिंग मशीन से परिणाम लिया जाता है तो इसे फार्म 17 सी पर लिखा जाता है। इस दौरान गणना एजेंट एक शीट पर हस्ताक्षर करते हैं। शीट की फोटो कॉपी की जाती है। इसके बाद सभी काउंटिंग टेबल की सूची बनाई जाती है। इस प्रक्रिया का सख्ती से पालन करने के कारण गणना की प्रकिया ढीली हो गई।

3 दौरेवार रिजल्ट की घोषणा
उम्मीदवारों ने एक-एक राउंड की मतगणना की सूची बोर्ड पर लिखने व लाउडस्पीकर पर उसकी घोषणा करने तक दूसरे राउंड की गिनती नहीं करने दी। इस कारण अतिरिक्त समय लगा। हर बार इस कार्य में पांच मिनट का समय लग रहा था और कुल 22 दौरों के कारण इसमें दो घंटे का अतिरक्त समय लगा।

4 सीआरसी मामले यानी पर्चियों का मिलान
कुल 66,000 ईवीएम में से 250 मामले पर्ची मिलाने को गए। इन ईवीएम का रिजल्ट पर्चियों की गिनती के आधार पर लिया गया। हर सीट पर ऐसे एक से दो मामले ऐसे थे जिससे पर्चियां गिननी पड़ीं व रिजल्ट में देरी हुई। इससे मतगणना में एक घंटा अतिरक्त लगा।

5 मतगणना दौरों की संख्या
मप्र में पिछले चुनावों की अपेक्षा 13,000 अतिरिक्त पोलिंग स्टेशन बनाए गए थे। इससे मतगणना के दौरों की संख्या 22 तक बढ़ानी पड़ी। जबकि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में यह संख्या 18-19 तक ही रही।

मुंबई में आग में सौ से ज्यादा लोग झुलसे

मुंबई | एजेंसी

मुंबई के एक सरकारी अस्पताल में सोमवार की शाम आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई जबकि मरीज और आगंतुकों समेत 100 से ज्यादा लोग झुलस गए।

बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के एक अधिकारी ने बताया कि उपनगरीय अंधेरी के मरोल में स्थित ईएसआईसी कामगार अस्पताल में आग लगने से मरीज समेत 108 लोग फंस गए थे। उन्होंने बताया, इसके बाद अग्निशमन

108 लोग फंसे थे अंधेरी के मरोल के ईएसआईसी कामगार अस्पताल में आग लगने से

कर्मियों ने सीढ़ियों की मदद से उन्हें अस्पताल की अलग-अलग मंजिलों से बचाया। अधिकारी ने बताया, अस्पताल की इमारत में भूतल के साथ पांच मंजिल है और आग चौथी मंजिल पर लगी थी।

उन्होंने कहा, 15 लोगों को कूपर अस्पताल ले जाया गया, जहां दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि घायलों को पांच अलग-अलग अस्पतालों में ले जाया गया।

नए साल में दिल्ली-यूपी को एसी लोकल ट्रेन मिलेगी

नई दिल्ली | अरविंद सिंह

दिल्ली और यूपी के रेल यात्रियों को नए साल में एसी-लोकल ट्रेन (मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट-मेमू) की सौगात मिलने जा रही है। उत्तर भारत में यह पहली एसी-लोकल ट्रेन होगी।

स्टेनलेस स्टील कोच वाली ट्रेन130 की अधिकतम रफ्तार से चलेगी। सभी कोच में टॉयलेट, जीपीएस आधारित सूचना तंत्र और सर्विलांस युक्त सीसीटीवी कैमरे लगे होंगे। सूत्रों ने बताया कि पहले यह ट्रेन तमिलनाडु में चलाने की योजना थी, लेकिन, रेलवे बोर्ड ने सोमवार को एसी-लोकल ट्रेन को दिल्ली से उत्तर प्रदेश के बीच चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन को दिल्ली-हावड़ा रूट पर चलाया जा सकता है। इंटीग्रेटेड कोच फैक्ट्री चेन्नई के महाप्रबंधक सुधांशु मणि ने बताया कि ट्रेन को जनवरी के अंत अथवा फरवरी की शुरुआत में चलाया जा सकता है।

19 दिसंबर को परीक्षण

एसी-लोकल ट्रेन का परीक्षण 19 दिसंबर को इंटीग्रेटेड कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) चेन्नई से निकाल कर किया जाएगा। इसके पश्चात आरडीएसओ, लखनऊ में इसके परीक्षण किए जाएंगे। इसके बाद इसे चलाया जाएगा।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (दक्षिणी - जोन) जलकल विभाग, नगर निगम, वाराणसी

अल्पकालीन निविदा सूचना

सीवर लाईन बदलने कार्यो हेतु जलकल विभाग, नगर निगम, वाराणसी के पंजीकृत ठेकेदारो से दिनांकः–28.12.2018 को अपरान्ह 02.00 बजे तक मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन अधोहस्ताक्षरी व उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सांयकाल 03.00 बजे खोली जायेगी। टेण्डर फार्म कैशियर मुख्यालय, जलकल विभाग, भेलूपुर, वाराणसी से दिनांकः–27.12.2018 02.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। कार्य की जमानत धनराशि महाप्रबन्धक जलकल विभाग, नगर निगम, वाराणसी के नाम से बन्धक एन.एस.सी(मूल प्रति)/एफ.डी.आर (मूल प्रति) डिमाण्ड ड्राफट(मूल प्रति) के रूप में जमा कराकर लिफाफे पर उल्लेख करना आवश्यक है। निविदा हेतु शर्ते निविदा पत्र पर उल्लेखित है।

क्र0 सं0	कार्य का विवरण	धनराशि	धरोहर धनराशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य की अवधि
1.	बड़ी गैबी से बी–37/161 तक। 70 मी0 सीवर लाईन बदलने का कार्य	236304.00	4700.00	1000.00	एक माह
2.	बी–20/152 से बी–20/190 तक 50 मी0 सीवर लाईन बदलने के कार्य	194827.00	3800.00	1000.00	एक माह
3.	बी–20/121 से बी–20/188 तक 50 मी0 सीवर लाईन बदलने के कार्य ।	197067.00	3900.00	1000.00	एक माह
4.	बी–20/84 से बी–20/96 तक 60 मी0 सीवर बदलने का कार्य	243348.00	4900.00	1000.00	एक माह
5.	बी–24/117 से बी–24/119 तक 50 मी0 सीवर बदलने का कार्य	199867.00	4000.00	1000.00	एक माह
6.	बी–26/254 से राधाकृष्ण मन्दिर तक 45 मी0 सीवर बदलने का कार्य	155426.00	3100.00	1000.00	एक माह
7.	नवाबगंज मुख्य मार्ग से बी–26/17–ए तक। तक 47 मीटर सीवर लाईन बदलने का कार्य।	159839.00	3200.00	1000.00	एक माह
8.	बी–27/22 से जोन कार्यालय तक तक 47 मीटर सीवर लाईन बदलने का कार्य।	144995.00	2800.00	1000.00	एक माह
9.	बी–27/5 से बी–27/8 तक 68 मीटर सीवर लाईन बदलने का कार्य।	254509.00	5100.00	1000.00	एक माह
10.	बी–27/8 से बी–27/13 तक 70 मीटर सीवर लाईन बदलने का कार्य।	269163.00	5300.00	1000.00	एक माह
11.	बी–27/18 से बी–27/18–बी तक 49 मीटर सीवर लाईन बदलने का कार्य।	197347.00	3900.00	1000.00	एक माह
12.	कैलगढ़ कालोनी में बी–36/10–50 से बी–36/10–43 तक 78 मीटर सीवर लाईन बदलने का कार्य।	293330.00	5800.00	1000.00	एक माह
13.	एन–16/64 संजय मिश्रा के मकान के पास 5078 मीटर सीवर लाईन बदलने का कार्य।	162574.00	3200.00	1000.00	एक माह

पत्रांक : 1295/II/ द.जोन/ ज.क.न.नि.वा./ दिनांक 17.12.2018

अधिशासी अभियन्ता (द.जोन)
जलकल विभाग, नगर निगम, वाराणसी।

Active & Energized Life
MultipreX™
Capsules • Syrup • Oral Drops • Powder
चुस्ती व स्फूर्ति के लिए
Multiple Nutrition for Daily Need
सम्पूर्ण पोषण ! समपूर्ण परिवार के लिए !!
VITAMINS & MINERAL DEFICIENCY, WEAKNESS, DEBILITATED CONDITIONS FATIGUE
ZEE LABORATORIES LTD. 9896134500 हर प्रमुख दवा विक्रेता के यहां उपलब्ध Online Shopping www.wellncare.com
Required RSMs, ASMs & Sales Executives Pan India
Contact : +91-98963 06767 / corp@zeelab.co.in
रोजाना सेवन करे

Maruti Herbal
दमदार और असरकारक
CLINICALLY TESTED
स्टे-ऑन कैप्सूल क्या है?: यह एक शक्तिदायक, ऊर्जादायक और स्फूर्तिदायक सुरक्षित आयुर्वेदिक कैप्सूल है.
स्टे-ऑन में क्या है?: यह विशेष आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों और जिनसेंग, उंटीगन, गौरखमुंडी, शिलाजीत, बीज बंद जैसी वनस्पतियों का सही मिश्रण है, जिसमें ऊर्जा के स्रोत के रूप में जिन्सेंग मौजूद है. प्राचीन आयुर्वेदिक ग्रंथों में स्टे-ऑन में प्रचुर मात्रा में मौजूद इन घटकों के शक्तिदायक, स्फूर्तिदायक और निवारक गुणों का वर्णन पाया जाता है.
स्टे-ऑन कैसे काम करता है? : आज की भाग-दौड़ तनाव भरी ज़िंदगी और बढ़ती हुई उम्र में अक्सर आपका शरीर थक कर चूर हो जाता है. ऐसे में स्टे-ऑन स्फूर्तिदायक, ऊर्जा एवं शक्ति वर्धक आपको देता है सेहत भरी शक्ति और दिन भर पूरे उत्साह से काम करने के लिये नया जोश. स्टे-ऑन के साथ संतुलित आहार और सही दिनचर्या का पालन करके आप ज़िंदगी में नयी खुशियों और प्यार भरे रिश्तों तथा मुस्कुराहटों की नयी शुरुआत कर सकते हैं. ये आप में देता है जोशे जवानी का एहसास.
स्टे-ऑन का पूरा लाभ कैसे लें? : एक कॅप्सुल सुबह व शाम गरम दुध/पानी के साथ ले. अधिक जानकारी के लिए पॅक मे दिये गये पर्ची (insert) को पढे.
Stay-On POWER CAPSULES
MRP : 10 cap pack ₹ 275/- 30 cap pack ₹ 650/-
उत्साह, जोश और ताकत के लिए
वैद्यकीय सलाह के लिए : 022-23423155
स्टे-ऑन® पॉवर कॅप्सुल्स
स्टे-ऑन : कॅप्सुल, ऑइल, ओरल लिक्विड, स्प्रे ये सब पैक केमिस्ट मे उपलब्ध